**पूर्व मध्य रेल**
**(रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ)**
**पॉल्सन कॉम्प्लेक्स, दीघाघाट, पटना – 11**
**दूरभाषः 0612–2560029, 2560035**
Website : www.rrcecr.gov.in Email : rrcecr@yahoo.co.in

**सूचना संख्या 9/2012 दिनांक 18.01.2014**

**रोजगार सूचना संख्या आरआरसी/ईसीआर/जीपी 1800/1/2012 के लिए दिनांक 27.10.2013, 17.11.2013, 24.11.2013, 01.12.2013 एवं 08.12.2013 को आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम एवं चयन प्रकिया के अगले स्तरों हेतु कार्यक्रम**

1. रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल ने उपरोक्त तिथियों को पे बैंड–1 + ग्रेड पे रू. 1800 में विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया था जिसके उपरांत 6687 अभ्यर्थी (अनारक्षित मेघा सूची में 3381, अपिव मेघा सूची में 1801, अ.जा. मेघा सूची में 1009 एवं अ.ज.जा. मेघा सूची में 496), जिनके अनुक्रमांक खड़ी रेखा में बढ़ते क्रम में दर्शित हैं, शारीरिक दक्षता जांच में शामिल किए जाने हेतु अनंतिम रूप से योग्य पाए गये हैं। **शारीरिक दक्षता जांच दिनांक 17.02.2014 से 23.02.2014 तक जगजीवन स्टेडियम, पोस्ट– खगौल, दानापुर रेलवे स्टेशन के नजदीक, जिला– पटना, पिनकोड– 801105** में आयोजित की जायेगी जिसके लिए प्रवेश–पत्र अनंतिम रूप से योग्य उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को **बिजनेस पोस्ट** से भेजे जा रहे हैं। यह परिणाम एवं शारीरिक दक्षता जांच अनुक्रमांक सहित अन्य विवरण रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल के बेबसाइट www.rrcecr.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

2. शारीरिक दक्षता जांच हेतु अनंतिम रूप से योग्य पाए गये उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे प्रवेश–पत्र में दी गई तिथि एवं समय पर निर्धारित केंद्र पर शारीरिक दक्षता जांच हेतु उपस्थित हों। डाक द्वारा प्रवेश–पत्र न मिलने की स्थिति में उक्त अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त बेबसाइट पर दर्शित तिथि एवं समय पर शारीरिक दक्षता जांच केंद्र पर एक फोटोग्राफ एवं लिखित परीक्षा के प्रवेश–पत्र के साथ उपस्थित हों जहां उन्हें डुप्लीकेट प्रवेश–पत्र निर्गत करते हुए शारीरिक दक्षता जांच में सम्मिलित कराया जा सकेगा। **शारीरिक दक्षता जांच हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने वाले किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी परिस्थिति में शारीरिक दक्षता जांच में शामिल होने हेतु कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।**

3. उपरोक्त सभी अभ्यर्थीगण कृप्या नोट करें कि नियमानुसार शारीरिक दक्षता जांच के लिए समुदायवार रिक्तियों की संख्या के 3 गुणी संख्या में अभ्यर्थी बुलाये जा रहे हैं। अतः शारीरिक दक्षता जांच में बुलाये जाने मात्र से या शारीरिक दक्षता जांच में सफलता प्राप्त कर लेने मात्र से रेलवे में नियुक्ति हेतु उनकी पात्रता नहीं बन जाती और इस प्रकार रेलवे में नियुक्ति हेतु उनका कोई अधिकार नहीं बन जाता।

4. **शारीरिक रूप से अःशक्त** अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता जांच से छूट है, और रिक्तियों की संख्या के बराबर संख्या में अभ्यर्थियों को सीधे दस्तावेज सत्यापन, अभ्यर्थिता जांच एवं चिकित्सकीय जांच मुख्य सूची में बुलाया जाना है। साथ ही, वर्तमान नियमों के अनुसार 20 प्रतिशत अतिरिक्त अभ्यर्थियों को केवल दस्तावेज सत्यापन एवं अभ्यर्थिता जांच हेतु प्रतीक्षा सूची में बुलाया जाना है। तदनुसार, शारीरिक रूप से अःशक्त **94 अभ्यर्थी मुख्य सूची में** (22 ओएच, 26 वीएच एवं 46 एचएच) दस्तावेज सत्यापन, अभ्यर्थिता जांच एवं चिकित्सकीय जांच में शामिल किये जाने हेतु अनंतिम रूप से योग्य पाए गये हैं। साथ ही, **11 अन्य शारीरिक रूप से अःशक्त अभ्यर्थी (05 ओएच, 06 वीएच एवं शून्य एचएच) केवल दस्तावेज सत्यापन एवं अभ्यर्थिता जांच हेतु प्रतीक्षा सूची में** अनंतिम रूप से योग्य पाए गये हैं। उक्त सभी 105 अभ्यर्थियों को यथासमय प्रवेश–पत्र भेजे जायेंगे। प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों पर विचार तभी किया जायेगा जब मुख्य सूची में शार्टफाल रह जाए।

5. उक्त सभी 6792 अभ्यर्थियों (6687 विकलांग कोटा के अतिरिक्त अभ्यर्थी + 105 विकलांग कोटा के अभ्यर्थी) की अभ्यर्थिता पूर्णतः अनंतिम है जो कि उनके सभी प्रकार से योग्य पाये जाने पर निर्भर होगी।

6. उक्त परिणाम को बनाने में हालांकि पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी मानवीय भूल एवं टंकण भूल के कारण हुई किसी भी गलती को सुधारने का अधिकार रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल के पास सुरक्षित है। रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल असफल रह गये किसी भी अभ्यर्थी के किसी भी पत्राचार को संज्ञान में लेने में खेद के साथ अपनी असमर्थता जाहिर करता है।

3. यह सूचना एवं अन्य विवरण रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य के बेबसाइट www.rrcecr.gov.in पर भी उपलब्ध है।

**आवश्यक सावधानी :**
किसी प्रभाव या अनुचित प्रयोग या अनैतिक तरीकों के माध्यम से रेलवे में नौकरी प्राप्त करने के लिए गलत वादे करके उम्मीदवारों को धोखा देने का प्रयास करने वाले दलालों, भर्ती रैकेट चलाने वाले और छद्मरूपधारकों से उम्मीदवार सावधान रहें। रेल भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल की एकमात्र प्राधिकृत वेबसाइट www.rrcecr.gov.in है जहाँ उपरोक्त भर्ती के संबंध में समय–समय पर सूचनाएं दी जातीं हैं। कृपया किसी अन्य वेबसाइट पर न तो विश्वास करें और न कार्य करें. उम्मीदवारों का चयन पूर्णतः योग्यता के आधार पर किया जायेगा। कृपया अनैतिक तत्वों से सावधान रहें और उनके जाल में न फँसें।

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल**

East Central Railway

(Railway Recruitment Cell)
Polson Complex, Digha Ghat, Patna – 11
Telephone No. 0612-2560029, 2560035
Website : www.rrcecr.gov.in Email : rrcecr@yahoo.co.in

Notice No. 9/2012 dated 18.01.2014

**Result of Written Examination held on 27.10.2013, 17.11.2013, 24.11.2013, 01.12.2013 & 08.12.2013 and program for next stages against Employment Notice no. RRC/ECR/GP 1800/1/2012**

1. Railway Recruitment Cell, East Central Railway conducted written examination on the above dates for various posts in Pay Band – 1 + Grade Pay Rs. 1800. Based on the performance of the candidates in the above mentioned written examination, 6687 candidates (3381 in UR merit, 1801 in OBC merit, 1009 in SC merit & 496 in ST merit) have provisionally been found eligible for **Physical Efficiency Test (PET) which shall be conducted from 17.02.2014 to 23.02.2014 at Jagjeevan Stadium, P.O.- Khagaul, Near Danapur Railway Station, Distt.- Patna, Pincode- 801105**. Admit Cards for PET are being dispatched through **Business Post** to all the above mentioned candidates. This result along with Roll Numbers for PET and other details are available on Railway Recruitment Cell, East Central Railway's website www.rrcecr.gov.in.

2. All the above candidates provisionally found eligible for PET are hereby informed that they must report at the PET venue on the scheduled date and time. In case of non-receipt of PET Admit Card through post, these candidates are advised to report at the PET venue on the date and time as shown on the above website along with a photograph and the admit card of the written examination where duplicate admit cards will be issued to let them appear in the PET. **Candidates remaining absent on the scheduled date of PET will not be given any further opportunity under any circumstances.**

3. All the above candidates may please note that candidates equal to 3 times of community-wise vacancies are being called for PET. Hence, they may note that merely calling a candidate for PET or merely qualifying the PET does not in any way entitle him/her to an appointment in Railways.

4. **Physically Handicapped (PH) candidates** are exempted from Physical Efficiency Test and candidates equal to the number of vacancies are to be called in Main List for Document & Candidature verification and Medical Examination. In addition, as per extant instructions 20% extra candidates are to be called only for Document & Candidature verification as Waitlisted candidates. Accordingly, **94 PH candidates** (22 OH, 26 VH & 46 HH) have provisionally been found eligible **in Main List** for Document & Candidature verification and Medical Examination. Further, **11 other PH candidates (05 OH, 06 VH & NIL HH) have provisionally been found eligible as Waitlisted candidates to be called only for Document & Candidature verification**. Call letters shall be issued to all these 105 candidates in due course. Waitlisted candidates may be considered only in the event of shortfall from the Main List.

5. Candidature of all the above 6792 candidates (6687 Non-PH + 105 PH candidates) is purely provisional and subject to their fulfilling all the eligibility criteria in all respects.

6. While every care has been taken in preparing the above result, Railway Recruitment Cell, East Central Railway reserves the right to rectify any inadvertent error or typographical mistake. Railway Recruitment Cell, East Central Railway regrets inability to entertain any correspondence from unsuccessful candidates.

7. This notice and other details are also available on Railway Recruitment Cell, East Central Railway's website www.rrcecr.gov.in

**IMPORTANT CAUTION:**

Beware of touts, job racketeers and impersonators trying to deceive the candidates by false promises of securing job in Railways either through influence or by use of unfair or unethical means. The only authorized website of RRC/ECR is www.rrcecr.gov.in where information/notices regarding the above recruitment are posted from time to time. Please do not believe or Act on any other websites. Candidates will be selected purely as per merit. Please beware of unscrupulous elements and do not fall in their trap.

Chairman
Railway Recruitment Cell, East Central Railway